



MPHIN/2009/34626


# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 71 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शुक्रवार 17 नवंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....







MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 71 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शुक्रवार 17 नवंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार

पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


# दिनेश राय को बदनाम करने कांग्रेस ने प्रतिष्ठित अखबार का फर्जी अंक कर दिया प्रकाशित

सिवनी यशोः- सिवनी विधानसभा में भाजपा को भारी

**हार से घबराई कांग्रेस बौखलाहट में कर रही आपराधिक षडयंत्र**

जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है गांव गाँव से कांग्रेस प्रत्याशी एवं कांग्रेसियों को जनता से मिल रहे करारे जबाव से कांग्रेसी समझ चुके है कि कांग्रेस पार्टी सिवनी विधानसभा में बुरी तरह हार रही है और हार की बौखलाहट में कांग्रेस पार्टी के नेता भ्रम फैलाकर विधानसभा क्षेत्र का माहौल बिगाड़ रही है और कांग्रेसी आपराधिक षडयंत्र कर रहे है । कांग्रेसियों ने आपराधिक षडयंत्र कर सिवनी से प्रकाशित एक प्रतिष्ठित दैनिक अखबार दैनिक युगश्रेष्ठ के एक अंक को फर्जी तौर पर प्रकाशित कर क्षेत्र की प्रतिष्ठित बघेल समाज, कुर्मी समाज, बनिया समाज को भाजपा प्रत्याशी के विरोध में भड़कने वाली बाते षडयंत्र पूर्वक प्रकाशित होने की बातो का उल्लेख किया गया है और इस अनैतिक प्रकाशन के



दैनिक युगश्रेष्ठ के संपादक ने कोतवाली में कराई आपत्ति दर्ज और दोषियों पर कार्यवाही की मांग की

पोस्टर बनाकर अनेक ग्राम में लगाकर कांग्रेस अपनी घटिया षडयंत्रकारी सोच का परिचय दे रही है और लोकतांत्रिक मर्यादा को तार तार रही है । उक्ताशय की बात भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से कही है ।

**अखबार के संपादक ने कहा भाजपा विरोधियों का यह तरीका ठीक नहीं**

विज्ञप्ति में कहा गया है कि भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय के अधिवक्ता ने पुलिस कोतवाली में कांग्रेस प्रत्याशी सहित अखबार के संपादक एवं एक अन्य विरूद्ध आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की है आवेदन में कहा गया है कि कांग्रेस प्रत्याशी आनंद पंजवानी भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन के विरूद्ध अर्नगल बाते प्रचारित कर रहे है दैनिक युगश्रेष्ठ अखबार की कूट रचित कटिंग को कांग्रेस प्रसारित किया जा रहा है जिसमें दिनेश राय मुनमुन को बदनाम करने की मंशा से बताया गया है कि दिनेश राय मुनमुन ने कलार समाज के स मेलन में बागरी, कुर्मी एवं बनिया समाज को अपमानित किया है । शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि दिनेश राय मुनमुन ने कलार समाज के स मेलन में ऐसा कभी कोई संबोधन नहीं दिया कांग्रेस चुनावी लाभ की दृष्टि से अनर्गल कूट रचित अखबार के माध्यम से दुष्प्रचार कर रही है । दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है ।

**विरोधियों ने जालसाजी कर आपराधिक कृत्य को दिया अंजाम**

मनोज त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा चुनाव के अंतिम समय में षडयंत्र पूर्वक प्रतिष्ठित अखबार के नाम और उस अखबार की फर्जी प्रिंटिंग कराकर गांव एवं नगरीय क्षेत्र में रात के अंधेरे में कटिंग चिपका कर भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन को बदनाम करने की घटिया मानसिकता से किया गया घिनौना कृत्य है । इस संबंध में दैनिक युगश्रेष्ठ के संपादक श्री विजय छांगवानी ने सिवनी कोतवाली में अज्ञात व्यक्ति के द्वारा की गयी जालसाजी के विरोध में शिकायत दर्ज कराते हुये अपने संबंध अखबार की मूल प्रति सौंपी है जिसमें प्रचारित खबर का कहीं प्रकाशन नहीं हुआ है । उन्होंने अपने बयान में कहा है कि किसी समाज को अपमानित करने वाली उनके द्वारा कोई खबर प्रकाशित नहीं की गयी है दिनेश राय मुनमुन के विरोधी उनके अखबार का सहारा लेकर दुष्प्रचार कर रहे है और जो अज्ञात तत्व ऐसा कर रहे है वह अखबार के नाम पर कूट रचित अखबार की प्रति है जो स्वस्थ्य राजनैतिक तरीका नहीं है । श्री छांगवानी नें अखबार के नाम पर झूठ फैलाने वाले अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की है ।

**कुर्मी समाज, बघेल समाज एवं जैन समाज के प्रतिनिधियों ने की कांग्रेसी मानसिकता की निंदा**



कुर्मी समाज के प्रतिनिधियों ने कोतवाली पहुँच करायी आपत्ति दर्ज

कुर्मी समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी ज्ञानचंद सनोडिया, प्रहलाद पटेल, गोपाल सनोडिया, सुरेश सनोडिया सहित अनेक सामाजिक जनों, बघेल समाज के वरिष्ठ और प्रतिष्ठित नेता अतर सिंह बघेल, अटल सिंह बघेल, कीरत सिंह बघेल, नितेन्द्र बघेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजा बघेल आदि सामाजिक जनों एवं जैन समाज की ओर से पूर्व विधायक नरेश दिवाकर, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा एवं दिगबंर जैन पंचायत कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सुदर्शन बाझल, पंकज जैन ने कहा है कि भाजपा प्रत्याशी के विरोध दुष्प्रचार कर उन्हें राजनैतिक हानि पहुँचाने के लिये कांग्रेस द्वारा जिस घटिया मानसिकता का परिचय दिया जा रहा है वह निंदनीय है । कुर्मी समाज के प्रतिनिधियों ने संबंधित अखबार की मूल प्रति का अवलोकन भी किया जिस में किसी भी समाज को अपमानित करने वाला ऐसा कोई समाचार नहीं । कुर्मी समाज के प्रतिनिधियों ने कोतवाली पहुँचकर दिनेश राय मुनमुन को बदनाम करने के उद्देश्य से षडयंत्र करने वाले व्यक्तियों के विरोध में कार्यवाही की मांग की है ।

## लोकतंत्र के महापर्व जागरुक होकर सर्व समाज के मतदाता मतदान कर भाजपा को चुने -आलोक

**भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे एवं चुनाव प्रबंध समिति संयोजक वेदसिंह ठाकुन ने मतदान करने की मतदाताओं से की अपील**



सिवनी यशो :- भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे एवं चुनाव प्रबंध समीति के जिला संयोजक वेद सिंह ठाकुर ने लोकतंत्र के मु य स्तंभ विधानसभा निर्वाचन में 17 तारीख को होने जा रहे चुनाव में सर्व समाज के मतदाताओं से जागरूक होकर अपने-अपने पोलिंग बूथ पर विकास और जनकल्याण के लिए सिवनी विधानसभा की चारो विधानसभाओं में भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान कर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाकर मिशन 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शक्ति को मजबूत करते हुए अपना आशीर्वाद प्रदान करने की अपील की है ।

नेता द्वय ने प्रेस को जारी संयुक्त विज्ञप्ति में कहा कि लोकतंत्र में मतदान करना हम सब का अमूल्य अधिकार है आपके ही वोट से लोकतंत्र मजबूत होता है और हम सब का अधिकार है की जागरूक होकर जिले के सभी मतदान केंद्रों पर सर्व समाज सूर्य की पहली किरण के साथ भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान करते हुए विकास की जि मेदारी उन्हें सौंपे । उन्हें कहा कि वोट डालने का समय सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक है।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्री दुबे ने कहा कि हमारी सरकार ने हर वर्ग समाज के लिए अनेकों योजनाओं को संचालित करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर विकास की दिशा से जोड़ा है आयुष्मान भारत कार्ड योजना लाडली बहना योजना निःशुल्क और जिला गैस योजना किसान स मन निधि प्रधानमंत्री आवास योजना मु यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना मु यमंत्री विभाग कन्यादान योजना मु यमंत्री संबल योजना जैसी योजनाएं गरीब कल्याण के लिए स्थापित किए हैं यह विकास पर्व हमेशा आपका दरवाजा पर पहुंचता रहे जिसके लिए मैं आप सभी से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को जिताने की मतदाताओं से अपील करता हूं।

# कपाट मंगल के लिए देहरादून पहुँचे शंकराचार्य जी महाराज

घंसौर यशोः- परमाराध्य परमधर्माधीश अनंतश्रीविभूषित उत्तरा नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर अनन्त श्रीविभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती %1008% जी महाराज चार दिवसीय उत्तराखंड प्रवास पर बुधवार को देहरादून पहुंचें । एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत एवम अभिनंदन किया गया ।

कल शंकराचार्य हरिद्वार से जोशीमठ के लिए प्रस्थान करेंगे । 17 तारीख को बदरीनाथ धाम पहुंचेंगे ।

18 तारीख को मंदिर के कपाट बंद होने के अवसर पर ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य मौजूद रहेंगे ।

देहरादून एयरपोर्ट पर प्रेस से अनौपचारिक वार्ता में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि बदरीनाथ मंदिर के कपाट आगामी 18 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद हो रहे हैं । वे दूसरी बार बतौर शंकराचार्य मंदिर के कपाट बंद होने के अवसर पर उपस्थित रहेंगे ।



शंकराचार्य जी महाराज ने कहा कि इस वर्ष बड़ी सं या में उत्तराखंड स्थित चार धामों गंगोत्री, यमुनोत्री , बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में श्रद्धालु आए। लेकिन यात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। ।

उन्होंने कहा शीतकालीन यात्रा पर भी ध्यान केंद्रित किए जाने की आवश्यकता है। इसकी शुरुआत ज्योतिर्मठ की ओर से विगत वर्ष से प्रारंभ हो गई है। कहा वे स्वयं जल्दी ही शीतकालीन पूजा स्थलों की यात्रा करेंगे।

इस अवसर पर शंकराचार्य मठ के प्रभारी श्रवणानन्द ब्रह्मचारी, ज्योतिर्मठ प्रभारी ब्रह्मचारी मुकुदानंद, ज्योतिर्मठ के मीडिया प्रभारी डॉ बृजेश सती, बदरीनाथ केदारनाथ मन्दिर समिति के सदस्य आशुतोष डिमरी , चमोली मंगलम् के जिला प्रमुख प्रकाश रावत , महापंचायत के उपाध्यक्ष उमेश सती, सरस्वती विकास समिति गजेन्द्र भण्डारी जी, भैरव सेना के संदीप खत्री , आदि उपस्थित रहे ।

# सिवनी की बेटी को मिला आचार्य श्री की मयूर पिच्छिका ग्रहण करने का सौभाग्य

सिवनी यशोः- छत्तीसगढ़ डोंगरगढ़ की पावन धरा चंद्रगिरी तीर्थ पर

**प्रातः पिच्छिका परिवर्तन मध्यान्ह में आचार्य संघ का मंगल बिहार डोंगरगढ़ में ही पीएम मोदी ने लिया था आचार्य श्री से आशीर्वाद**

पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का वर्ष 2023 का चातुर्मास विविध धार्मिक आयोजनों के साथ सानंद आयोजित हुआ। विगत इसी मास प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इसी पावन धरा पर पूज्य आचार्य श्री के शुभ आशीर्वाद की कामना से दर्शनार्थ शरणागत हुए थे। दीपावली एवं वीर निर्वाण पर्व के साथ ही संपन्न हुए चातुर्मास में



बुधवार को प्रातः आचार्य श्री ससंघ का पिच्छिका परिवर्तन समारोह आयोजित हुआ। अनियत बिहारी के सारे आयोजन भी अनियत ही रहते है अतः इस आयोजन की भी पूर्व सूचना किसी को नही थी अनायास आयोजित इस कार्यक्रम में हमारे नगर सिवनी निवासी भद्दू भैया पान वालो के नाम से मशहूर स्वर्गीय श्री देवेंद्र कुमार जी बागड़ की सुपुत्री श्रीमती विनीता एवं दामाद श्री चंद्रकांत जी जैन राजनांदगाव वालो को पूज्य आचार्य श्री का जीव दया व संयम का उपकरण मयूर पिच्छिका प्राप्त करने का व नवीन पिच्छिका उन्हे भेंट करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ उल्लेखनीय है कि विगत अनेक वर्षों से आचार्य श्री के छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान श्री संघ की सेवा वैय्यावृत्ति में इनका सारा परिवार पूरे समर्पण भाव के साथ संलग्न रहा है ।

पूरे वर्ष भर आचार्य श्री के करकमलों में सुशोभित एवं स्पर्शित पिच्छिका व्रत संयम एवं साधना के धनी सहस्त्रों व्यक्तित्वों के समूह में से चयनित किसी एक भाग्यवान को प्राप्त होती है।

प्रातः पिच्छिका परिवर्तन समारोह के बाद आहार चर्या एवं सामायिक उपरांत दोपहर 1.30 बजे पूज्य आचार्य श्री का डोंगरगढ़ तीर्थ से नेवरा की और बिहार हुआ यहां आगामी दिसंबर माह में यहां पंचकल्याणक महोत्सव का आयोजन है।

पिच्छिका प्राप्ति का उक्त शुभ समाचार प्राप्त होते ही सिवनी जैन समाज में हर्ष का वातावरण निर्मित हुआ।

स्वर्गीय भद्दु भैया की धर्म पत्नि श्रीमती सुशीला बागड़ को पूज्य मुनि श्री शाश्वतसागर जी महाराज ने प्रसन्नचित हो आशीर्वाद दिया जबकि उनके शुभ चिंतकों ने उनके निवास में पहुंचकर इस हेतु से शुभकामनाएं व बधाईयां दी।

## प्रदेश में 17 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा मतदान

भोपाल - विधानसभा निर्वाचन - 2023 मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन के लिए 17 नवंबर को होने वाले मतदान की तैयारियों के संबंध में गुरुवार को प्रेस वार्ता की। यह प्रेस वार्ता निर्वाचन सदन मध्यप्रदेश, 17 अरेरा हिल्स भोपाल में स पन्न हुई। श्री राजन ने कहा कि 17 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान प्रक्रिया स पन्न कराई जायेगी।

## जबरन नॉलेज




# कोतवाली पुलिस ने पाँच लाख की अबैध शराब की जप्त

**आबकारी ए ट का प्रकरण दर्ज**

सिवनी यशोः- कोतवाली थाना





क्षेत्र के तिलक वार्ड में विधानसभा चुनाव के मतदान के एक दिन पूर्व मतदाताओं को बांटने के लिये जमा किया गया शराब का जखीरा बरामद किया गया है । कोतवाली पुलिस के अनुसार मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर की गयी कार्यवाही में पुलिस को यह सफलता प्राप्त हुई पुलिस कोतवाली से जारी विज्ञप्ति के अनुसारविधानसभा चुनाव 2023 को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक सिवनी राकेश कुमार सिंह के द्वारा विभिन्न चुनावी शिकायतो पर तत्परता से कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त थे इसी तारत य मे विभिन्न से टर मोबाईल को निर्देश थे कि उनके आने वाले मतदान क्षेत्र अन्तर्गत जनता को प्रलोभन देने के उददेश्य से कपड़ा पैसे एवं शराब वितरण की शिकायते प्राप्त होने पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाना है ताकि निष्पक्ष मतदान संपादित कराया जा सकें इसी क्रम मे अवैध शराब रखे होने की सूचना प्राप्त होने पर अति.पु. अधीक्षक सिवनी श्री गुरूदत्त शर्मा 1दृ क्द्धद्ध निर्देशन में एवं सिवनी एसडीओपी श्री पुरूषोत्तम सिंह मरावी के मार्गदर्शन में सिवनी कोतवाली पुलिस द्वारा मतदान के एक दिन पूर्व मुखबिर सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए अवैध शराब का जखीरा रेल्वे स्टेशन रोड तिलक वार्ड के एक खंडहरनुमा मकान से जप्त किया गया । इस मामले मे थाना कोतवाली मे आबकारी ऐ ट का प्रकरण कायम कर विवेचना मे लिया गया है । उक्त शराब के संबंध मे पूछताछ की जा रही है । जप्त संपत्ति की गई ।

**153 पेटी देशी एवं अंग्रजी शराब कुल कीमति 5,00,000/- (पांच लाख रूपये)**

**नाम आरोपी -**

01. अरविंद साहू पिता तिजबा साहू 35 साल निवासी रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी ( अप.क्र. 1029/23 धारा 34 (2) आबकारी ऐ ट ) - जप्ती मात्रा कुल 153 पेटी देशी / अंग्रेजी शराब

सराहनीय भूमिका निरी सतीश तिवारी थाना प्रभारी कोतवाली उनि राहुल काकोडिया, संपत मरावी सउनि संतोष बेन आर अमित रघुवंशी, आर नितेश राजपूत, आर इरफान खान, आर अजय धुर्वे, विशाल भांगरे, गौरीशंकर राणा आर नीरज कपाले आर शिवम बघेल, अरविंद मडराह, मआर फरहीन रीना धुर्वे भूमिका सराहनीय रही । संपूर्ण टीम को पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा संपूर्ण टीम को सराहनीय कार्य हेतु पुरूष्कृत करने की घोषणा की गई है।

## भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने मतदाताओं से वोट रूपी आशीर्वाद प्रदान करने की अपील की

सिवनी यशोः- विधानसभा मतदान के पवित्र अवसर पर विधानसभा के स मानीय मतदाता से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने अपील की है कि करते हुये कहा है कि मेरे सभी मतदाता भाइयों एवं बहनों को मेरा सादर प्रणाम जय श्री राम, आज 17 नवंबर को हम सब लोग, मध्य प्रदेश की विधानसभा के लिए वोट डालने वाले हैं, हम सभी जानते हैं कि 2003 से लगभग 18 वर्ष से भारतीय जनता पार्टी आप सब की सेवा कर रही है, हमने समाज के हर क्षेत्र में हर वर्ग को, उसकी सुविधा के लिए उसकी सहूलियत के लिए और उसके कल्याण के लिए योजना बनाई हैं,और उनको भली प्रकार से हमने क्रियान्वित किया है, उसके पहले का जो मध्य प्रदेश, 2003 से पहले का मध्य प्रदेश, सभी जानते हैं बीमारू था, और दर्द से कराह रहा था यह स्थिति थी, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने, शिवराज सिंह के नेतृत्व में, मध्य प्रदेश की



दशा और दिशा बदली है, हमारा राज्य बीमारू से आज विकसित राज्य है, हमने बहुत कुछ किया है और बहुत कुछ करना बाकी है, मेरा आप सबसे निवेदन है कि हम अच्छी सरकार चुनें, सिवनी विधानसभा क्षेत्र में दिनेश राय मुनमुन भाजपा प्रत्याशी के कमल चुनाव चिन्ह की दो नबंर की बटन दबाकर भाजपा को भारी बहुमत से विजयी बनाएं।

सिवनी विधनसभा के स मानीय मतदाताओं ने मुझे दो बार विधायक बनाकर अपना प्यार और आशीर्वाद दिया है मैने भी सिवनी विधानसभा के प्रत्येक मतदाता को अपने परिवार का सदस्य मानकर सेवा की है और आगे भी करता रहूंगा मुझे पूरा विश्वास है आपका आशीवाद मेरे साथ है । इस बार विकास के माध्यम से ऐतिहासिक बदलाव का संकल्प है ।

फूल कमल की बटन दबाकर अपना आशीर्वाद राष्ट्रवाद के लिए, उस सनातन धर्म की रक्षा के लिए दें, जिसको मिटाने का संकल्प भाजपा विरोधियों ने लिया है, मैं आपसे पुन-निवेदन करता हू, हम सब लोग मिलकर एक नया मध्य प्रदेश बनाएं, विकसित मध्य प्रदेश बनाएं हर वर्ग के सपनों का मध्य प्रदेश बनाएं ऐसा मेरा निवेदन है और भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाएं।

# नौवीं से 12वीं कक्षा तक की छमाही परीक्षाएं छह दिसंबर से




भोपाल। मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों की नौवीं से 12वीं तक की छमाही परीक्षाएं छह दिसंबर से शुरू होंगी। इस परीक्षा के अंक वार्षिक परीक्षा में भी जुड़ेंगे। लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) ने समयसारिणी जारी कर दी है। नौवीं व 10वीं की परीक्षा छह दिसंबर से शुरू होकर 15 दिसंबर को समाप्त होगी। परीक्षा का समय सुबह नौ बजे से 12 बजे तक रहेगा। वहीं, 11वीं-12वीं की परीक्षा छह दिसंबर से शुरू होकर 16 दिसंबर को समाप्त होगी।

**अलग-अलग समय रखा गया**

परीक्षा का समय प्रश्न-पत्रों के अनुसार अलग-अलग रखा गया है। कुछ परीक्षाओं का समय सुबह नौ से 12 बजे व कुछ का दोपहर दो से पांच बजे तक रहेगा। इसके अलावा नौवीं व 10वीं की प्रायोगिक परीक्षाएं छह से 15 दिसंबर के बीच व 11वीं-12वीं की छह से 16 दिसंबर के बीच होगी।

**आंतरिक मूल्यांकन के अंकों का लाभ मिलेगा**

आंतरिक मूल्यांकन के अंकों का लाभ 10वीं व 12वीं की वार्षिक परीक्षा में मिलेगा। बता दें कि मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं व 12वीं की परीक्षा फरवरी के मध्य से शुरू हो रही है। बोर्ड परीक्षा के दो महीने पहले छमाही परीक्षा होगी। वहीं इस बार प्री-बोर्ड परीक्षा होने की संभावना नहीं है।

**50 प्रतिशत भी पाठ्यक्रम पूरा नहीं हुआ**

इस बार स्थानांतरण, वरिष्ठता सूची जारी करने व विधानसभा चुनाव के चलते स्कूलों में पाठ्यक्रम भी पूरा नहीं हो सका है। अधिकतर स्कूलों में 50 फीसद से भी कम पाठ्यक्रम पूरा हुआ है। स्कूलों में मतदान केंद्र बनाने और शिक्षकों की ड्यूटी चुनाव में लगाए जाने के कारण फिलहाल 20 नवंबर के बाद ही पढ़ाई शुरू हो सकेगी। इसके बाद छमाही परीक्षा शुरू हो जाएगी। दिसंबर में करीब एक सप्ताह का समय बालरंग व शीतकालीन अवकाश में चला जाएगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए जनवरी का समय ही मिल पाएगा।

# प्रदेश में पेड न्यूज के 80 प्रकरणों में 78 उ मीदवारों को नोटिस जारी

**जिला स्तर पर 2 प्रकरण हुए निरस्त**

भोपाल। मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव-2023 के लिए 17 नवंबर को एक ही चरण में मतदान होना है। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग हर स्तर पर मुस्तैदी से कार्य कर रहा है। प्रदेश में लागू आचार संहिता के दौरान राजनीतिक पार्टियों के चुनाव प्रचार और पेड न्यूज मामले पर भी स ती से नजर रखी जा रही है। जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (स्र्स्र्स्र्) और राज्य स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी 24 घंटे पेड न्यूज की निगरानी कर रही है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से पेड न्यूज के अब तक 80 प्रकरण सामने आए हैं, इसमें से जिला स्तरीय एमसीएमसी कमेटी ने 78 प्रकरणों में उ मीदवारों को नोटिस जारी किये है। जबकि 2 प्रकरण ऐसे हैं जो शुरुआती जांच में पेड न्यूज के नहीं निकले इसलिए उन्हें जिला स्तर पर ही निरस्त कर दिया गया है। शेष 30 प्रकरण पेड न्यूज के माने गये है। समिति के समक्ष 48 प्रकरण विचाराधीन है।

**ऐसे रखी जा रही है 24 घंटे पेड न्यूज पर नजर**

भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए पेड न्यूज मामलों की गंभीरता से मॉनिटरिंग कराने के लिए निर्देश दिए हैं। पेड न्यूज मामलों पर शीघ्रता से कार्रवाई के लिए जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) एवं राज्य स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी गठित की गई हैं। जब भी पेड न्यूज से संबंधित कोई संदेहपूर्ण प्रकरण सामने आता है तो सबसे पहले उसे जिला एमसीएमसी कमेटी को भेजा जाता है। पेड न्यूज के बारे में प्राप्त मामलों पर जिला एमसीएमसी कमेटी प्रारंभिक स्तर पर जांच करती है। अगर जांच में प्रकरण पेड न्यूज का पाया जाता है तो जिस उ मीदवार से संबंधित पेड न्यूज का प्रकरण है उस विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी को निर्देश दिए जाते हैं कि वह उ मीदार को पेड न्यूज प्रकरणों में जवाब देने के लिए नोटिस जारी करे। अगर संदेहपूर्ण पेड न्यूज मामले प्रारंभिक जांच में सही नहीं पाए जाते हैं तो उन्हें जिला स्तरीय एमसीएमसी कमेटी निरस्त कर देती है।

**पेड न्यूज पर उ मीदवार को दिया जाता है नोटिस**

जिला स्तरीय एमसीएमसी कमेटी संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर को निर्देश देती है कि वह संबंधित उ मीदवार को पेड न्यूज प्रकरणों में जवाब देने के लिए नोटिस जारी करे। उ मीदवार को पेड न्यूज का नोटिस जारी होने के बाद इस संबंध में अपना जवाब देना होता है। यदि उ मीदवार 48 घंटे के अंदर जवाब नहीं देता है, तो जिला एमसीएमसी कमेटी इस पूरे मामले पर अपना निर्णय लेती है और पेड न्यूज पर होने वाले खर्च को उ मीदवार के चुनाव खाते में जोड़ दिया जाता है।

**निर्णय से असंतुष्ट उ मीदवार कर सकते हैं अपील**

पेड न्यूज प्रकरणों में अगर कोई उ मीदवार जिला स्तरीय कमेटी के निर्णय से संतुष्ट नहीं है तो वह राज्य स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी के समक्ष इस प्रकरण में अपील कर सकता है। उ मीदवार की अपील पर राज्य स्तरीय समिति इस मामले पर सुनवाई कर निराकरण करती है।

अगर कोई उ मीदवार राज्य स्तरीय समिति के निर्णय से भी संतुष्ट नहीं है तो वह चाहे तो भारत निर्वाचन आयोग में गठित मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग समिति के समक्ष भी अपील कर सकता है।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अवश्य करें, लोकतंत्र को समृद्ध बनायें

**मु य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने मतदाताओं से की अपील**

भोपाल । मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने सभी मतदाताओं से लोकतन्त्र के महापर्व में अपनी सहभागिता निभाते हुए अपना मतदान करने का आह्वान किया है। मु य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि 17 नव बर को अपने मतदान केन्द्र पर पहुँचकर शत-प्रतिशत मतदान कर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभायें। उन्होंने कहा कि नागरिक समृद्ध लोकतांत्रिक पर पराओं के संवाहक हैं। मतदाताओं के सक्रिय सहभागिता से ही लोकतंत्र परिष्कृत और समृद्ध बनता है। मतदान से लोकतांत्रिक पर परा को और अधिक समृद्ध बनाने और संवैधानिक कर्त्तव्य निभाने का एक और अवसर मिला है।

राजन ने कहा है कि लोकतंत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण सोपान है। निर्वाचन प्रक्रिया में राज्य के प्रत्येक मतदाता का मत महत्वपूर्ण है। विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिये 17 नव बर को मतदान है। उन्होंने राज्य के प्रत्येक मतदाता से स्वतंत्र और निर्भीक होकर अवश्य मतदान करने की अपील की है।

राजन ने कहा है कि स पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को सहज, सुगम और समावेशी बनाने के लिये प्रदेश में पहली बार मतदान में मु य रूप से दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं के लिये विशेष सुविधायें प्रदान की गई हैं। इन मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई गयी थी। सक्षम एप के माध्यम से कोई भी दिव्यांग मतदाता अपने लिये व्हीलचेयर या अन्य सहायक उपकरण के लिये अनुरोध कर सकते हैं। बुजुर्गों को कतार में न लगाना पड़े, इसके लिए उन्हे पहले मतदान करने की सुविधा दी जा रही है। सभी मतदान केंद्रों पर छाया, पीने के पानी एवं शौचालय की समुचित व्यवस्थायें की गई हैं।

# मतदान दिवस रहेगा सवैतनिक अवकाश

सिवनी यशोः- जिला श्रम अधिकारी ने जानकारी देकर बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 तहत मतदान दिवस आगामी शुक्रवार 17 नव बर 2023 को राज्य में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकानों, उद्योगिक उपक्रम या कारभार/ व्यवसाय में नियोजित ऐसे नियोजित/ कार्यरत प्रत्येक कामगार को मतदान दिवस 17 नव बर दिन शुक्रवार का सवैतनिक अवकाश रहेगा।

# मतदान सामग्री के साथ अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों में पहुंचा मतदान दल

## सुविधाजनक रूप से दलों को पॉलेटेक्निक मैदान से किया गया मतदान सामग्री का वितरण




सिवनी यशोः- विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत शुक्रवार 17 नव बर को होने वाले मतदान के लिए गुरूवार को मतदान दल मतदान सामग्री के साथ अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हुए। मतदान दलों को जिला मु यालय के पॉलेटें नक कॉलेज मैदान में विधानसभावार मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण सुविधाजनक रूप से निर्धारित टेबल में किया गया। मतदान सामग्री के मिलान उपरांत सभी 1406 मतदान केन्द्रों के दल निर्धारित वाहनों से अपने मतदान केन्द्रों की ओर रवाना हुए। इस संपूर्ण कार्यवाही के दौरान कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल उपस्थित रहे, उन्होंने संपूर्ण व्यवस्था का अवलोकन करते हुए समय-समय में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंघल ने मतदान दलों से भी चर्चा कर सभी का उत्साहवर्धन किया तथा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण, पारदर्शी मतदान पूर्ण कराने के लिए शुभकामनाऐं दी।

रवानगी उपरांत लगातार मतदान दलों का अपने मतदान केन्द्रों में पहुंचना जारी रहा। प्राप्त जानकारी अनुसार गुरूवार सायं. 05 बजे तक जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र बरघाट, सिवनी, केवलारी तथा लखनादौन के सभी दल अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों में पहुंच चुके थे।



# 1406 केन्द्रों में प्रातः 07 बजे से प्रारंभ होगा मतदान

**जिले में 24 आदर्श एवं 100 पिंक पोलिंग बूथ बनाये गये**

सिवनी यशोः- शुक्रवार को जिले के 1406 मतदान केन्द्रों में प्रातः 07 बजे से सायं. 06 बजे तक मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी। बरघाट में 310, सिवनी में 336, केवलारी में 353 तथा लखनादौन में 407 मतदान केन्द्र हैं। जिले में कुल 24 आदर्श मतदान केन्द्र बनाये गये हैं।जिनमें बरघाट में 06, केवलारी में 14, लखनादौन में 04 आदर्श केन्द्र बनाये गये है। इसी तरह कुल 100 पिंक बूथ भी स्थापित किये गयें हैं। जिसमें बरघाट में 25, सिवनी में 35, केवलारी में 20 तथा लखनादौन में 20 पिंक बूथ बनाये गये हैं। इसके साथ-साथ कुल 495 ऐसे मतदान केन्द्र हैं, जिनमें 02 महिला मतदान कर्मी की ड्यूटी लगाई गई है।

04 अ टूबर को हुये मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन अनुसार कुल 1074062 पात्र मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। जिनमें 541001 पुरूष तथा 533043 महिला तथा कुल 18 अन्य मतदाता शामिल हैं। इन मतदाताओं में 49012 नवमतदाता भी शामिल हैं, जो पहलीबार अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे।




# कले टर एवं एसपी ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



सिवनी यशोः- / कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल एवं पुलिस अधिक्षक श्री राकेश सिंह ने सामग्री वितरण उपरांत जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कले टर एवं एसपी ने मतदान केन्द्र में उपस्थित मतदान दलों से चर्चा करने के साथ-साथ निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी निर्वाचन स पन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित मतदान अधिकारियों को दिये। कले टर श्री सिंघल एवं एस पी श्री सिंह ने धनौरा के पिंक पोलिग बूथ के निरीक्षण के दौरान सेल्फी पॉइंट में फोटो भी ली तथा ग्रामीणों को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित भी

# इंदौर में हिंगोट युद्ध के दौरान चले 'देसी बम', 35 योद्धा झुलसे






इंदौर। इंदौर में हिंगोट युद्ध के दौरान सोमवार शाम को 35 लोग घायल हो गए। विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिलाष शिवरिया ने बताया कि जिले से करीब 55 किलोमीटर दूर गौतमपुरा में हिंगोट युद्ध के दौरान 35 योद्धा झुलस गए।

उन्होंने बताया कि युद्ध के दौरान एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया, जिसके बाद उसको प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया जहां उसकी इलाज की जा रही है। फिलहाल उसकी हालत स्थिर है। अभिलाष शिवरिया के मुताबिक, युद्ध के दौरान अन्य 34 लोगों को मामूली चोट आई है।

**सैकड़ों वर्ष पुरानी है युद्ध की परंपरा**

मालूम हो कि हिंगोट युद्ध की परंपरा सैकड़ों वर्ष पुरानी बताई जाती है। इसमें युद्ध लड़ने वालों का मकसद एक दूसरे को नुकसान पहुंचाना नहीं बल्कि खेल की भावना होती हैं। इस बात का कोई भी प्रमाण अभी तक नहीं मिला है कि हिंगोट युद्ध कब से शुरू हुआ। मान्यता है कि मुगलों के हमले के जवाब में मराठा सेना इसी तरह से युद्ध करती थी।

**योद्धा एक दूसरे पर फेंकते हैं जलते हिंगोट**

हिंगोट आंवले के आकार वाला एक जंगली फल होता है। इसका गूदा निकालकर इस फल को खोखला कर लिया जाता है, जिसके बाद इसे सुखाकर इसमें खास तरीके से बारूद भरी जाती है। बारूद में आग लगाते ही यह रॉकेट जैसे पटाखे की तरह बेहद तेज गति से छूटता है और ल बी दूरी तय करता है। हिंगोट युद्ध के दौरान गौतमपुरा के योद्धाओं के दल को तुर्रा नाम दिया जाता है, जबकि रुणजी गांव के लड़ाके कलंगी दल की अगुवाई करते हैं। दोनों दलों के योद्धा रिवायती जंग के दौरान एक-दूसरे पर जलते हिंगोट दागते हैं।

# मध्य प्रदेश की जनता 'कमल' चुनेगी या 'कमलनाथ', फैसला आज, चुनावी तैयारियां पूरी

**दिवाली के पांच दिन बाद होने वाले मतदान के लिए पिछले दिनों बीजेपी लगातार 'कमल दिवाली' मनाने का आह्वान करती नज़र आई है, वहीं कमलनाथ ने 'शुभ दिवाली शुभ कांग्रेस के साथ' नारे के साथ मांगा जनसमर्थन**




मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 के लिए आज 17 नवंबर को मतदान है और 15 की शाम प्रचार थम गया। 16 नवंबर को प्रत्याशी घर घर जाकर जनसंपर्क करते दिखे। इस बार मध्य प्रदेश में दोनों प्रमुख दलों बीजेपी और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर है। चुनाव से पहले दोनों ही पार्टियों ने अपनी अपनी सरकार बनने का दावा किया है। हालांकि जनता के मन में या है, इसका फैसला वो चंद ही घंटों में करने वाली है।

**इस बार MP में 'कमल दिवाली' या 'कमलनाथ दिवाली'**

इस बार मध्य प्रदेश में कमल दिवाली मनेगी या फिर कमलनाथ दिवाली इसका फैसलाआज हो जायगा । चुनावी नतीजे भले 3 नवंबर को आएं, लेकिन उ मीदवारों और राजनीतिक पार्टियों के भाग्य का फैसला आज ही हो जाएगा।

यूं तो दिवाली पर्व बीत चुका है लेकिन एमपी में इस बार राजनेताओं की असल दिवाली चुनावी फैसले के बाद ही मनेगी। इसीलिए बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही दल और इनके नेता दिवाली के पहले से ही दिवाली के बाद होने वाली मतगणना के लिए भावुक अपील करने नजर आए। शिवराज सिंह चौहान ने जनता से 'कमल दिवाली' मनाने का आह्वान किया तो कमलनाथ ने कहा कि ये दिवाली बदलाव की लहर लेकर आएगी। अब दिवाली तो हर साल आती है लेकिन चुनावी त्योहार पांच साल में एक बार..दिवाली के सिर्फ पांच दिन बाद होने वाले मतदान के लिए पीएम मोदी, सीएम शिवराज सिंह चौहान सहित सभी बीजेपी नेता जनता से 'कमल खिलाने' और 'कमल दिवाली' मनाने का आह्वान करते रहे। वहीं कमलनाथ 'शुभ दिवाली शुभ कांग्रेस के साथ' कहते हुए जनता से वोट मांगते नजर आए।

**मतदान केंद्रों को 4 समूहों में बांटा गया**

बुधवार को मध्य प्रदेश में चुनावी प्रचार का शोर थम गया, सारी जनसभाएं और रैलियां समाप्त हो गईं। गुरुवार को प्रत्याशियो ने घर घर जाकर जनसंपर्क किया और वोट मांगे । इस बार मध्यप्रदेश प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों के लिए कुल 2,533 उ मीदवार मैदान में हैं। प्रदेश में कुल वोटरों की सं या कम से कम 5,60,60,925 हैं जिनमें 2,88,25,607 पुरुष मतदाता है। वहीं 2,72,33,945 महिला मतदाता हैं और थर्ड जेंडर वोटरों की सं या 1373 है। पूरे प्रदेश में 64523 मतदान केंद्र हैं और एक चरण में मतदान होगा। प्रदेश में करीब 17 हजार संवेदनशील पोलिंग बूथ हैं। निर्वाचन आयोग ने मतदान प्रक्रिया के लिए प्रदेश की सभी 230 विधानसभा सीटों और मतदान केन्द्रों को चार अलग-अलग ग्रुप में बांटा हैं। ए ग्रुप वाले मतदान केंद्रों पर सुबह 8 बजे से वोटिंग शुरु होती और शाम 4 बजे खत्म हो जाएगी। बी ग्रुप वाले मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से वोट पड़ने शुरु हो जाएंगे और शाम 6 बजे प्रक्रिया समाप्त होगी। वहीं सी ग्रुप वाले मतदान केन्द्रों पर सुबह 7 बजे से वोटिंग की प्रक्रिया शुरू होगी और शाम 5 बजे तक चलेगी। अंतिम डी ग्रुप वाले केंद्रों पर सुबह 9 बजे से वोटिंग शुरु होगी और शाम 6 बजे खत्म हो जाएगी। सभी राजनीतिक दलों ने मतदाताओं से अधिक से अधिक सं या में वोट करने की अपील की है।

# भिंड में भाजपा, सबलगढ़ में कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ मामला दर्ज

भोपाल। मध्य प्रदेश में कल भारतीय जनता पार्टी ने भिंड कले टर के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत की थी। इसके ठीक बाद भिंड में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री लाल सिंह आर्य के खिलाफआचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज हो गया है। इसके अलावामुरैना जिले के सबलगढ़ में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी श्री बैजनाथ कुशवाहा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

**गोहद विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी का शक्ति प्रदर्शन**

भिंड जिले की गोहद विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी श्री लाल सिंह आर्य पर आरोप है कि उन्होंने जिला निर्वाचन कार्यालय से विधिवत अनुमति लिए बिना एक रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया।रिपोर्ट में बताया गया है किभाजपा प्रत्याशी नेबुधवार दिनांक 15 नवंबर 2023 को दोपहर एक से 1ञ्30 बजे तकगोहद नगर में रैली निकाली।इस रैली में करीब 250 लोग शामिल हुए।यह रैलीगोहद शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरी। स्न्नस्न्न टीम के प्रभारीश्री कौशल सिंह गुर्जर नेरैली की अनुमति के कागज मांगेलेकिनउनके समक्ष कोई अनुमतिप्रस्तुत नहीं की गई।इसके बाद पूरी रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी को दी गई और निर्देशानुसारभाजपा प्रत्याशी के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया।

**सबलगढ़ में कांग्रेस प्रत्याशी की रैली में भारी भीड़**

सबलगढ़ में कांग्रेस प्रत्याशी बैजनाथ कुशवाह की बुधवार को जनसंपर्क रैली में भीड़ अधिक होने व दो-दो लाउडस्पीकर के उपयोग को आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए लाइंग सर्विलांस टीम ने उ मीदवार के खिलाफ आपराधिक मुकदमा कायम कराया बुधवार को कांग्रेस प्रत्याशी बैजनाथ कुशवाह ने सबलगढ़ कस्बा में मतदाताओं से जनसंपर्क किया तो उनकी रैली में 1000 लोगों की अनुमति के विपरीत लोग बड़ी सं या में शामिल थे।

